फोन/Phone : कार्यालय/Off. +91-040-24530177
फैक्स/Fax : 24531802, 24535336
ई-मेल/E-mail : director.crida@icar.gov.in
वेब/Web : www.icar-crida.res.in

# भाकृअनुप - केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान
# ICAR - Central Research Institute for Dryland Agriculture

संतोषनगर/Santoshnagar, हैदराबाद/Hyderabad-500 059, भारत/INDIA

**डॉ. विनोद कुमार सिंह**
निदेशक
**Dr. Vinod Kumar Singh**
Director

दिनांक: 02.09.2026

**संदेश**

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस-2026 के अवसर पर भाकृअनुप-केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद परिवार के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं हितधारकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। 14 सितंबर हमें उस ऐतिहासिक अवसर का स्मरण कराता है, जब वर्ष 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। यह दिवस हमारी भाषायी अस्मिता के साथ-साथ शासन, विज्ञान एवं ज्ञान के क्षेत्र में हिंदी के व्यापक और प्रभावी प्रयोग का संकल्प दोहराने का अवसर भी है। आज बारानी कृषि अनेक चुनौतियों के साथ नए अवसरों की ओर अग्रसर है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों पर हमारा संस्थान निरंतर अनुसंधान कर रहा है। इन वैज्ञानिक उपलब्धियों का वास्तविक महत्व तभी है, जब उनका लाभ सरल एवं सहज भाषा में किसानों तक पहुँचे। इस दिशा में हिंदी 'प्रयोगशाला से खेत तक' ज्ञान पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। राजभाषा हिंदी का प्रगामी प्रयोग केवल राजभाषा अनुभाग का दायित्व नहीं, बल्कि संस्थान के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, हम कार्यालयीन कार्यों, वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखन, प्रशिक्षण तथा जनसंपर्क गतिविधियों में हिंदी का अधिकाधिक एवं स्वाभाविक प्रयोग करते हुए वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रमों की सफलता के लिए आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

(डॉ. विनोद कुमार सिंह)
निदेशक